आज़ादी का अमृत महोत्सव


**सम्पादक**

प्रभा शर्मा

**संपादक मण्डल**

डॉ. प्रज्ञा सिंह

डॉ. अनुपमा ओझा

डॉ. कुलदीप सिंह

डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

अनामिका जायसवाल



● arogya.path@mgug.ac.in

● mguniversitygkp@mgug.ac.in

www.mgug.ac.in

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर, 273007


महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR

स्वस्ति पन्थामनुचरेम्

2021

# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

# आरोग्य पथ

## मासिक ई-पत्रिका


**प्रकाशक**

**महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर**

● वर्ष – 2 ● अंक – 06 ● जून, 2023

# शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला






दिनांकः **01 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, आयुर्वेद कॉलेज में **'शैक्षणिक कार्य योजना'** विषय पर **'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला'** का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल कुमार वाजपेई ने दीप प्रज्वलन कर किया। माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि ये कार्यशाला शिक्षण कौशल को बढ़ाने में सहायक होगी।

उन्होंने कहा छात्रों को प्रेरित करने और विषय में उनकी रूची पैदा करने के लिए ग्रुप डिस्कसन, सेमीनार आदि का आयोजन कराना चाहिए। हम सबको कक्ष को रोचक, ज्ञानवर्धक व विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार से उपयोगी बनाना चाहिए। एन.सी.आई.एस.एम ने जो मापदण्ड तय किया है उसके अनुरूप ही शिक्षण व्यवस्था को संचालित करें।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम संहिता एवं सिद्धांत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शान्ती भूषण हन्दूर ने अपने विभाग का प्रस्तुतिकरण करते हुए संहिता सिद्धांत एवं संस्कृत विषय का शैक्षणिक योजना, विभाग के विभिन्न गतिविधियों, संसाधनों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि संहिता विभाग आयुर्वेद की नींव है। आगामी वर्ष की कार्य योजना के अन्तर्गत समस्त आयुर्वेद कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्रों को संस्कृत संभाषण हेतु तैयार करना, एक उच्च स्तरीय आयुर्वेद से सम्बन्धित म्यूजियम बनाना, छात्रों को शोध एवं पब्लीकेशन हेतु प्रेरित करना आदि विषयों पर कार्य करने की योजना का प्रस्तुति करण किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव जी ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षकों को अपने विभाग को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए जो अवसंरचना की आवश्यकता है उसकी योजना तैयार करें, साथ ही पाठ्यक्रम योजना को विधिवत तरीके से बनाये एवं उसका पालन करें। नित्य पठन–पाठन के नवाचार उपाय खोजें एवं उच्च स्तरीय तकनीकी का शिक्षा में उपयोग करें। कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीन के., डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. गोपीकृष्णन, डॉ. रश्मीपुश्पन और सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य जागरूकता अभियान



महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत बीएससी तृतीय वर्ष की 50 छात्राओं द्वारा दिनांकः **02 जून, 2023** को फातिमा अस्पताल श्री रामनगर चौराहा, वृद्धा आश्रम का अवलोकन किया। जिसके अन्तर्गत उन्होंने वृद्धा अवस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तन, बीमारियों तथा इसके रोकथाम से अवगत कराया तथा उत्साहवर्धन के लिए फल वितरण भी किया। इस आयोजन के दौरान शिक्षिका मिस गुंजन सिंह और सलोनी गुप्ता छात्राओं के साथ उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस
## एवं
# कुलाधिपति जन्मदिवस समारोह




दिनांकः 05 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस समारोह एक साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर योगी जी के दीर्घायु, यश–कीर्ति में अभिवृद्धि की कामना की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



समारोह के मुख्य अतिथि आईआरआरआई (इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट), साउथ एशिया रीजनल सेंटर के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही है। जरूरत संवेदनशील आचरण की है जो पर्यावरण के अनुकूल हो। पर्यावरण संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संजीदगी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में यूपी पौधरोपण में साल दर साल कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए ही उनका जोर जैविक खेती को बढ़ावा देने पर होता है। डॉ सुधांशु ने सभी लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की।



# विश्व पर्यावरण दिवस
## एवं
# कुलाधिपति जन्मदिवस समारोह







दिनांकः 05 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को आज विश्व पर्यावरण दिवस तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि यह यूपी का सौभाग्य है कि यहां के लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा नेतृत्वकर्ता मिला है। वह न केवल आधुनिकतम विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं बल्कि राज्य को प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए भी अनेक कार्ययोजना बनाकर काम कर रहे हैं। कृषि और पर्यावरण से उनका विशेष लगाव है।



पर्यावरण उनके लिए परमात्मा जितना ही प्रिय है। पर्यावरण संरक्षण को भी वह जनहित के लिए अति महत्वपूर्ण कार्य मानते हैं।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह ने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति में पर्यावरण सुरक्षा को धर्म माना गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण सुरक्षा को इसी रूप में अंगीकार करते हैं। यह भी दिव्य संयोग है कि जिस दिन मुख्यमंत्री योगी जी का जन्मदिवस होता है, उसी दिन पूरा विश्व पर्यावरण संरक्षण पर विशेष मंथन करता है। मुख्यमंत्री जी के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष दिन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि प्रकृति की सुरक्षा का चिंतन और उसके अनुरूप आचरण उनकी दिनचर्या का अभिन्न अंग है।

इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी इस विश्वविद्यालय के सर्जक भी हैं। उनके दिशा निर्देश पर यहां के प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा जाता है। विद्यार्थियों को विषय की शिक्षा के साथ यह व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाता है कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। समारोह में अतिथियों का स्वागत गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव समेत सभी शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों की सहभागिता रही।



## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

# विश्व पर्यावरण दिवस





दिनांकः **05 जून, 2023** को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महायोगी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय विभाग द्वारा पौधरोपण, भाषण, कविता लेखन, रंगोली एवं पेंटिग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने पेंटिग, रंगोली, भाषण एवं कविता के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण के कारक, उससे होने वाले दुष्परिणाम, एवं उसके निराकरण के बारे में बताया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण हेतु जिम्मेदार कारकों जैसे– ग्रीनहाउस इफेक्ट, ग्रीनहाउस गैसेस, क्लोरो–फ्लोरो कार्बन एवं ग्लोबल वार्मिग आदि से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं रंगोली ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के महत्व की तरफ ध्यान आकर्षित किया।

भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा त्रिपाठी, आदित्य एवं अमित ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रिया कुमारी, रंगोली में ग्रुप 2 का प्रदर्शन उत्तम रहा। पेंटिग में आकांक्षा सिंह, प्रीतेश कुमार एवं कंचन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतिगोगिता का आयोजन विभाग के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान विभाग की सहायक आचार्या डॉ. अनुपमा ओझा, अनुशिक्षक सृष्टि यदुवंशी, अनुशिक्षक प्रज्ञा पाण्डेय व पीएचडी छात्रा श्रीमती अंजली राय उपस्थिति रहीं।

## कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय

# विशिष्ट व्याख्यान






दिनांकः **05 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय में **'विश्व पर्यावरण दिवस'** के उपलक्ष्य में आयोजित **विशिष्ट व्याख्यान** में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. गोविन्द पाण्डेय, कार्यकारी निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोण्डा (उ.प्र.) ने **''प्लास्टिक प्रदुषण के समाधान''** विषय पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूक करने और इसके समाधान पे विचार करने के लिए मनाया जाता है।

उन्होंने प्लास्टिक प्रदुषण से होने वाले दुरगामी दुष्प्रभाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग न करने की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम का संचालन विभाग की छात्रा प्रगति सिंह ने किया। कार्यक्रम के समापन में छात्र अनुभव ने व्याख्यान में उपस्थित मुख्य अतिथि, सभी शिक्षकगणों एवं विद्यार्थियों को आभार व्यक्त किया।

पौधरोपण कार्यक्रम

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

# विश्व पर्यावरण दिवस




दिनांकः 05 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कालेज) में विश्व पर्यावरण दिवस पर शपथ ग्रहण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेद कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीना के. ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1973 में मनाया गया था। तब से आज तक इस दिन को लोग जन सहभागिता के रूप में मनाते है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना होता है। पर्यावरण दिवस हर वर्ष एक नई थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 में देश की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का जमीन या जल में इकट्ठा होना प्लास्टिक प्रदूषण कहलाता है। जिससे वन्य जन्तुओं एवं मानव जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक पदार्थो से उत्पन्न होने वाली उत्पत्ति का निस्तारण काफी कठिन होता है जिससे यह एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। अतः यह वह समय है जब हम इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर इसके समाधान के लिए प्रयास करने होंगे। हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना होगा और साथ ही हमें उसके पुर्नउपयोग करना होगा। हम सभी मिलकर शपथ लेते हैं कि हम प्लास्टिक से बनी हुई चीजों का कम से कम प्रयोग करेंगे। प्राकृतिक एवं इको फ्रेन्डली उत्पादों का प्रयोग करेंगे व साथ ही जनता को भी इस अभियान के प्रति जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीन के. डॉ विनम्र शर्मा, डॉ. गोपीकृष्णन, डॉ. रश्मीपुष्पन और डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. प्रिया, डॉ. एकता, साध्वी नन्दन सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

# पौधरोपण एवं शपथ ग्रहण समारोह





दिनांकः 05 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में प्रातः11 बजे पौधारोपण कार्यक्रम एवं लाइफ प्रतिज्ञा कराया गया।

जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल अतुल वाजपेयी, डॉ. जी.एन. सिंह, पूर्व औषधि नियंत्रक, डॉ. वैदूर्य प्रताप शाही कृषि वैज्ञानिक, डॉ. सुधांशु सिंह, निदेशक आईआरआरआई एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव ने पोधों को रोपित किया। इस दौरान लाइफ प्रतिज्ञा में सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में विशेष व्याख्यान विषय 'प्लास्टिक प्रदुषण समाधान'पर प्रो. गोविन्द पाण्डेय ने इससे बचाव एवं मुक्ति के मार्ग से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्यवक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे के निर्देशन मे किया गया। जिसमे समस्त इकाई के स्वयंसेवको व विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहें।

# आरोग्य ग्राम अभियान





दिनांकः 03 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के द्वारा आरोग्य ग्राम अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गए ग्राम बैजनाथ गांव में गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, (आयुर्वेद कॉलेज) गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों, चिकित्सको एवं शिक्षकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकों हेल्थ कार्ड दिया एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्यपरक खान–पान, पेय जल इत्यादि के सेवन की जानकारी दी।

चिकित्सकों ने उन्हे चिकित्सालय में आकर योग एवं व्यायाम का प्रशिक्षण लेने का सलाह दिया। साथ ही साथ थाइराईड, जोड़ों का दर्द को घरेलु उपचार, सूक्ष्म व्यायाम एवं योग द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ रखने की सलाह भी दी। नित्य योग एवं व्यायाम करने हेतु सभी ग्रामवासीयों को प्रेरित किया गया। इस अभियान मे विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं समस्त विद्यार्थियों ने सहभाग किया।

# महंत दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय
## स्वास्थ्य शिविर





दिनांकः 05 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के 51वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर गुरू गोरक्षनाथ आयुर्विज्ञान संस्थान ने एक विशाल स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया। कैम्प का उद्घाटन आई.आर.आर.आई. साउथ एशिया, रिजनल सेण्टर के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने गुरू गोरक्षनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर भारत के पूर्व औषधि महानियंत्रक, भारत व मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जी.एन. सिंह महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव चिकित्सालय के डॉक्टर आर के मल्ल, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. राजेश पाण्डेय, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार चौबे, डॉ. योगिता भाटिया, डॉ. सरिता जायसवाल, डॉ. आदित्य विक्रम सिंह, डॉ. राजीव शायरी, डॉ. शैलेश उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने कहा सर्वप्रथम आज हम सब पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज की 51वें जन्मदिवस की बधाई देते हैं और उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं फिर उन्होंने आए हुए मरीजों का हालचाल पूछा और चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य कैम्प में कुल 745 मरीजों का परीक्षण एवं आवश्यक जांच कर दवाइंया वितरित की गई। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय के प्रबंधक गिरिजेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

# सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

## दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण





दिनांकः 05 एवं 06 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में अधिष्ठाता प्रो. डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में विभाग द्वारा छात्रों के समग्र विकास हेतु साइंस सिटी लखनऊ के लिए दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के प्रथम दिन छात्रों ने 'केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (CDRI) का भ्रमण किया जहां वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीव यादव ने भारत के औषधी के क्षेत्र में सीडीआरआई के योगदान एवं इनके परीक्षण हेतु प्रयोग होने वाले विभिन्न पशुओं को भी दिखाया। शोध में बढ़ते बायोइनफॉर्मेटिक्स के महत्व पर प्रमुख वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुतिकरण देकर छात्रों के संशय का समाधान किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय वनस्पति एवं अनुसंधान संस्थान (NBRI) का भ्रमण किया जिसमें वहां के वैज्ञानिक डॉ. मृदुल शुक्ला ने संस्थान द्वारा किए जा रहे उच्च कोटि के अनेक प्रकार के शोध विधियों के विषय मे महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी क्रम में डॉ. संजीवा नायका ने हरबेरियम द्वारा पादप प्रतिरूपों को परिरक्षित करने की विधि बताई और छात्रों को पौधों को लंबे समय तक संग्रहण एवं संरक्षण के विषय में भी जानकारी दी। शैक्षिक भ्रमण के द्वितीय दिन छात्रों ने 'केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (CIMAP) का भ्रमण किया जिसमे वहां के वैज्ञानिक डॉ. रक्षपाल सिंह ने संस्थान में स्थित केंद्रीय उपकरण सुविधा में मौजूद DNA SEQUENCER, RTPCR, NANO, DROP, ULTRA CENTRIFUGE, GEL DOC, SYSTEMP के बारे में छात्रों को परिचित कराया।

वैज्ञानिकों ने संस्थान में लगे हुए सभी औषधीय एवं सगंध पौधों के गुणों के बारे में छात्रों को रूबरू कराया। 'बायोटेक पार्क' भ्रमण में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. उमा शंकर ने संस्थान में संचालित विभिन्न बायोटेक कंपनियों एवं उनके उत्पादो के बारें में विस्तृत जानकारी दी तथा छात्रों को भविष्य में स्वयं को कैसे नवाचार के साथ नए उद्योगों की स्थापना की जाए इसके बारे में भी प्रेरित किया। इस भ्रमण ने छात्रों को विभिन्न शोध संस्थानों को जानने तथा उनमें संचालित होने वाले विभिन्न भविष्योपयोगी कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया।

भ्रमण के दौरान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. पवन कुमार कनौजिया, डॉ. अमित कुमार दूबे, श्री धनंजय पाण्डेय, सुश्री प्रभा शर्मा, सुश्री अपूर्वा आनंद सिंह एवं श्री अनिल मिश्रा जी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए अनुशासन बनाए रखने में अपना अहम योगदान दिया।



## कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय

# अध्ययन बोर्ड (बोर्ड ऑफ स्टडीज) बैठक





दिनांकः **5 जून 2023**, दिन सोमवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय की **''अध्ययन बोर्ड'' (BOS)** की बैठक विश्वविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, बाह्य सदस्य के रूप में डॉ. जी.एन. सिंह (भूतपूर्व, औषधि महानियंत्रक भारत सरकार), डॉ सुधांशु सिंह (निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय धान शोध संस्थान, दक्षिण एशिया क्षेत्रिय केन्द्र, वाराणसी), डॉ. वैदुर्य प्रताप शाही (अध्यक्ष, अनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, **शुआट्श**, प्रयागराज), एवं कृषि विज्ञान विभाग के समस्त प्राध्यापक सम्मिलित हुए। विभाग में शैक्षणिक संचालन हेतु विभिन्न अकादमिक बिन्दुओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को कृषि विभाग में लागू करने हेतु सुभीता का आकलन किया गया। अन्ततः **''अध्ययन बोर्ड''** समिति द्वारा दिए गए सुझावों को आगामी सत्र में कार्यान्वित करने की संस्तुति प्रदान की गयी। बैठक के समापन में कृषि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे ने उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

# शैक्षिक भ्रमण



दिनांकः **06 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय विभाग द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु गोरखपुर स्थित इण्डिया ग्लाइकोल लिमिटेड, गीडा का इंडस्ट्रियल भ्रमण का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यार्थियों ने इण्डिया ग्लाइकोल लिमिटेड गीडा में अल्कोहल बनाने की प्रक्रिया में उपयोग हो रहे उपकरण, विधि, गुणवत्ता की जांच एवं पैकेजिंग यूनिट को देखा।

इंडिया ग्लाइकोल लिमिटेड पूरी तरह से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जीरो वेस्ट प्रणाली पर काम कर रहा है। विद्यार्थियों ने फर्मेंटेशन के लिए उपयोग किए जाने वाले कच्चे मॉल एवं प्रयुक्त किए जाने वाले उत्प्रेरको के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल किया।

इण्डिया ग्लाइकोल लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबन्धक प्रशासन एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं बिजेनस हेड एस. के. शुक्ल द्वारा स्थानीय स्तर पर छात्रों को प्लान्ट के बारे में तकनीकी ज्ञान दिया गया।

क्वालिटी हेड संजय मिश्र ने गुणवत्ता से सम्बन्धित बाते बतायी और प्रशासनिक जानकारी सहायक प्रबन्धक प्रशासन अखिलेश शुक्ल वशब्बीर अहमद के द्वारा दिया गया। सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व एवं संकाय की सहायक आचार्या डॉ. अनुपमा ओझा, प्रयोगशाला सहायक सौम्या, व मिताली के सहयोग से इंडस्ट्रियल भ्रमण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय
# शैक्षिक भ्रमण





महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के विद्यार्थियों को कृषिपयोगी जानकारियां प्रदान कराने हेतु दिनांकः **09 जून, 2023** को शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके तहत विद्यार्थियों को बेलीपार स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, मधुमक्खी पालन एवं एकीकृत फसल प्रणाली की इकाई को देखा एवं उसके कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.के. तोमर ने आगंतुक विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. एस.के. सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक (पशुपालन) ने विद्यार्थियों को मत्स्य पालन एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती के करने के तरीको को बताया एवं उसे अपनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया। डॉ. शैलेन्द्र सिंह वैज्ञानिक (पादप सुरक्षा) ने मधुमक्खी पालन के बारीकियों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

यह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के अधिष्ठाता, डॉ. विमल कुमार दूबे के निर्देशन एवं सहायक आचार्य डॉ. कुलदीप सिंह एवं डॉ. विकास कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

## गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
# व्यंजन प्रदर्शनी




दिनांकः **09 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में खानपान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत कॉलेज में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की 59 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने मैंगो सेक, बनाना सेक, औरेंज जूस, बटरमिल्क विथ चौकोज उपमा, इडली शांभर इडली सैंडविच, मसाला ओट्स, पोहा, दालभाजी, रायता, साबूदाना, खिचड़ी जैसे पोषक भोजन बनाया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा और वाइस प्रिंसिपल मिसेज प्रिंसी जॉर्ज के नेतृत्व में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम मिसेज स्वेता, मिस शांभवी व प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मिस अनामिका जैसवाल और अन्य शिक्षणगण के नेतृत्व में संपन्न कराई गई।

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CET) - 2023





दिनांकः 11 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष सत्र 2023–24 के नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

यह संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो चरणों में आयोजित हुआ जिसके तहत विश्वविद्यालय में बने परीक्षा हेतु दो परीक्षा केन्द्रों गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) को सुनिश्चित किया गया।

प्रथम पाली में 1400 तथा द्वितीय पाली में 1276, कुल मिलाकर 2676 की बड़ी संख्या में विद्यार्थियों में संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस प्रवेश परीक्षा में पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य बिहार के परीक्षार्थी भी सम्मिलित हुए। परीक्षा हेतु 25 अप्रैल से 31 मई तक ऑनलाईन आवेदन स्वीकार्य किए गए थे।

परीक्षा का आयोजन माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई जी तथा कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के कुशल नेतृत्व में प्रवेश समिति द्वारा निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया गया।









# संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CET) - 2023





दिनांकः **13 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के दो पाठ्यक्रमों एएनएम एवं जीएनएम तथा महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के छः पाठ्यक्रमों यथा डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्ट्रीमेट्री, डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामा केयर, डिप्लोमा इन ऑर्थोपेडिक एण्ड प्लास्टर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन एनेसथिसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन के सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन दोनों पालियों में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

एएनएम, जीएनएम एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय में बने दो परीक्षा केन्द्रों गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग व गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) पर हुए।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा की दोनों पालियों में कुल 2898 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। एएनएमए, जीएनएम तथा पैरामेडिकल के छः पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य बिहार के भी परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।









# शिक्षक-अभिभावक बैठक





दिनांकः 14 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की 59 छात्राएं, बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की 60 छात्राएं एवं उनके अभिभावकों कि बैठक आयोजित की गई। जिसमें अभिभावकों को छात्राओं के पाठ्यक्रम प्रदर्शन से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा ने बच्चो को उत्तम प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा एवं उपप्राचार्या मिसेस प्रिंसी जॉर्ज के नेतृत्त्व में एवं मिस शांभवी (कोऑर्डिनेटर), मिस आरोही (सबजेक्ट इंचार्ज) एवं मिस अनामिका, मिस आराधना और अन्य शिक्षकगण के सहयोग से सम्पन्न कराया गया।

# मिशन निरामया




दिनांकः 14 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एएनएम तथा जीएनएम प्रथम वर्ष छात्राओं को मिशन निरामया से अवगत करवाया गया तथा इसके अंतर्गत नर्सिंग और पैरामेडिकल के पाठ्यक्रम की गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए की जाने वाली विभिन्न कार्यशैलियों जैसे– सपोर्टिव सुपरविजन, करियर काउंसलिंग तथा परीक्षा में पारदर्शिता इत्यादि के बारे में चर्चा की गई ।

यह कार्यक्रम डॉ. डी.एस. अजीथा प्राचार्या के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मिस आराधना और मिस खुशबू तथा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मिस अनामिका जायसवाल और मिस आराधना यादव द्वारा संपन्न हुआ।

# विश्व रक्तदान दिवस



दिनांकः 14 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य मंजूनाथ एन. एस. एवं समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस छात्रा मुस्कान ने किया।

# अमृत योग सप्ताह





दिनांकः 14 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 14 जून 2023 से 21 जून 2023 तक अमृत योग सप्ताह का उद्घाटन माननीय अतिथि डॉ. सुशांत कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट आचार्य आई.आई.टी. बीएचयू एवं माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर माननीय अतिथि डॉ. सुशांत कुमार श्रीवास्तव ने आयुर्वेद के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साल 2015 में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय पहल शुरू की जिसके बाद हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। गीता में कहा गया है 'योगः कर्मसु कौशलम्' जिसका अर्थ है योग से कर्मो में कुशलता आती है। हमें ऐसी मानसिक स्थिति में काम करना है कि हम अपना कर्म अच्छे तरीके से करें और फल की चिंता में पड़कर खुद को व्यग्र न करें। उन्होंने कहा कि योग अभ्यास से मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और यह आपकी जीवन शैली को सकारात्मक रूप में बदलता है और भलाई के स्तर को बढ़ाता है।

कार्यक्रम में माननीय कुलपति महोदय ने विद्यार्थियों से कहा कि योग शरीर और मन के बीच स्थिरता बनाये रखने की एक प्रक्रिया है। इसलिए हर किसी को मजबूत, लचीला और कोमल शरीर को प्राप्त करने के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। मुझे आशा है कि आप सभी लोग स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए योगाभ्यास करेंगे क्योंकि स्वास्थ्य ही परम धन है।

कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस छात्रा मुस्कान ने किया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य मंजूनाथ एन. एस. समेत समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें।



## द्वितीय दिवस

# अमृत योग सप्ताह






दिनांकः **15 जून, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, (आयुर्वेद कॉलेज) में नवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत योग सप्ताह के द्वितीय दिन प्रातः कालीन प्रथम सत्र में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. के नेतृत्व मे बीएएमएस विद्यार्थियों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में संहिता सिद्धान्त विभाग के सहायक आचार्य श्री साध्वी नन्दन पाण्डेय ने बीएएमएस विद्यार्थियों को पतंजलि योग सूत्र का जाप करवाया।

जाप के पश्चात आचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पतंजलि योग सूत्र का जाप करते समय आप सभी ने प्राणायाम कर लिया क्योंकि जाप की प्रक्रिया में आपने पुरक (श्वांस लेना), रेचक (श्वांस छोड़ना) और कुम्भक (श्वांस रोकना) श्वांस की क्रिया की जो शरीर से विशाक्त तत्वों को बाहर निकालने में लाभकारी होता है इससे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और दीर्घ आयु की प्राप्ति होती है।

अपने व्यक्तव में आचार्य जी ने कहा योग का अर्थ है जुड़ना अतः अपने को स्वंय (आत्मा) से जोड़ना ही योग है। आत्मा के स्वरूप को पहचान सके और उसमें स्थित हो जाये। इसके लिए चित की वृत्तियों का निरोध योग के द्वारा कर मनुष्य परम पद को प्राप्त कर सकता है। योग इंद्रियों को बस में कर चेतन आत्मा से संयुक्त होने का विज्ञान है।

कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य मंजूनाथ एन.एस. संहिता सिद्धान्त के विभागाध्यक्ष डॉ.शांतिभूषण, सहायक आचार्या डॉ. प्रज्ञा सिंह व विद्यार्थी मौजूद रहें।







## तृतीय दिवस

# अमृत योग सप्ताह -पोस्टर प्रस्तुति





दिनांकः **16 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, (आयुर्वेद कॉलेज) में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर **'अमृत योग सप्ताह'** के तृतीय दिवस पर प्रातः कालीन प्रथम सत्र में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. के नेतृत्व में बीएएमएस विद्यार्थियों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बीएएमएस 2022–23 के विद्यार्थियों ने योग का प्राचीनतम इतिहास एवं आधुनिकीकरण विषय पर पोस्टर प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्धेश्य विद्यार्थियों को योग के प्रति जानकार और जागरूक बनाना है। प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. के नेतृत्व में निर्णय समिति द्वारा पोस्टर प्रस्तुतिकरण का निरीक्षण कर निर्णय लिया गया।

प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार बीएएमएस छात्रा प्रीतांजली, द्वितीय पुरस्कार मुस्कान कुशवाहा एवं तृतीय पुरस्कार हिमांशु गुप्ता को मिला। प्राचार्य महोदय ने सभी की कलाकृतियों की सराहना की। निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. मंजूनाथ एन.एस. डॉ. मिनी, डॉ. पियूष वर्षा, डॉ. प्रिया नायर ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रज्ञा सिंह ने किया।







## चतुर्थ दिवस
# अमृत योग सप्ताह







दिनांकः **17 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, (आयुर्वेद कॉलेज) में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर **'अमृत योग सप्ताह'** के चतुर्थ दिन प्रातः कालीन प्रथम सत्र में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. के नेतृत्व में बीएएमएस विद्यार्थियों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. के नेतृत्व में बीएएमएस 2022–23 के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ **'हर घर हर आँगन'** योग थीम के अंतर्गत सिक्टौर ग्राम जाकर जनभागीदारी की।

सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने सभी ग्रामवासियों को प्राणायाम एवं योग कराया। डॉ. मंजूनाथ ने कहा सभी लोग प्रातः काल योग एवं सायंकाल प्राणायाम करने का अभ्यास कर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करें। ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुए आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय ने कहा योग का मतलब है 'जुड़ना' अतः योग स्वयं को स्वयं से जोड़ने का माध्यम है। योग शरीर को दृढ़, मन शांत और कार्य करने की क्षमता को बढ़ाता है।

कार्यक्रम में बीएएमएस विद्यार्थी शगुन, शीतल आदि समूह ने योग पर नुक्कड़, नाटक प्रस्तुत कर संदेश दिया कि 'हम निरोग बनाने आएं है हम योग कराने आएं हैं।' नुक्कड़ नाटक में अवसाद, मधुमेह आदि बीमारियों में योग और आयुर्वेद की उपयोगिता को दर्शाया।

कार्यक्रम के अगले चरण में सिद्धांत, सिमरन आदि समूह ने फ्लैसमोब के माध्यम से समस्त योग आसान करके दिखाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी, श्री सत्यप्रकाश सिंह ने विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों के प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि सीएम श्री योगी आदित्यनाथ महाराज जी के ग्राम सिक्टौर को आरोग्य ग्राम बनाने के स्वप्न को साकार करने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम के आयोजन में ग्राम प्रधान श्री राकेश सिंह ने पूरे जोश और उत्साह के साथ विश्वविद्यालय का साथ दिया। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक, शिक्षक, आशा, आँगनवाणी आदि उपस्थित रहें।

प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. साहित डॉ. पियूष वर्षा, डॉ. प्रज्ञा सिंह, आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय समेत सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।













# संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CET) - 2023





दिनांक: 18 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के पाठ्यक्रमों बीएससी बायोटेक्नोलाजी, मेडिकल बायोकेमेस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं कृषि विज्ञान संकाय के बीएससी कृषि विज्ञान के सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गयी संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन प्रथम पाली में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय में बने परीक्षा केन्द्र गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कालेज) पर प्रथम पाली में कुल 146 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल बॉयोकेमेस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं बीएससी कृषि विज्ञान के चार पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य बिहार के भी परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 25 अप्रैल 2023 से दिनांक 31 मई 2023 तक आमंत्रित किये गये थे। इन परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन विश्वविद्यालयक के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा सम्पन्न कराया गया।

## पंचम दिवस
# अमृत योग सप्ताह






दिनांक: 19 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, (आयुर्वेद कॉलेज) में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत योग सप्ताह के छठें दिन प्रातः कालीन प्रथम सत्र में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. के नेतृत्व में बीएएमएस विद्यार्थियों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में अष्टांग हृदय आयुषकामीय अध्याय के श्लोकों का पठन किया और आयुर्वेद के सिद्धान्तों को समझा।

कार्यक्रम में उपस्थित संहिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिभूषण ने कहा कि बिना आयुर्वेद सिद्धान्तों के ज्ञान के आप कुशल चिकित्सक नहीं बन सकते अतः इन सूत्रों का निरंतर अभ्यास अतिआवश्यक है।

कार्यक्रम के तृतीय सत्र में डॉ. सुमित कुमार एम. एवं डॉ. प्रज्ञा सिंह के नेतृत्व में बीएएमएस विद्यार्थियों ने प्राचीन काल से अब तक योग की यात्रा विषय पर आर्टिकल लेखन किया। जिसके लिए डॉ. गोपीकृष्ण, डॉ. शांतिभूषण, डॉ. रश्मी पुष्पन, डॉ. पियूष वर्षा, डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. सर्वभौम की निर्णायक समिति का गठन किया गया। प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. के साथ डॉ. पियूष वर्षा. डॉ. प्रज्ञा सिंह, आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय समेत समस्त विद्यार्थीयों ने कार्यक्रम सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस







दिनांकः **21 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल कुमार वाजपेई ने सरस्वती पूजन कर प्रारम्भ किया उसके उपरान्त डॉ. मंजूनाथ एन.एस. प्राचार्य गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) एवं श्री अश्वनी कुमार द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के योग आसन,प्राणायाम,सूर्य नमस्कार, पादआसन इत्यादि का अभ्यास सभी ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. मंजूनाथ एन. एस. ने संबोधित करते हुए कहां के योग के द्वारा आहार, आचार, विचार एवं विहार के माध्यम से हम सभी अपने जीवन मे काम, क्रोध, लोभ, मोह पर काबू पा सकते हैं हम सभी को शपथ लेना चाहिए कि हर रोज योग करेंगे।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति जी ने सभी को 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उपस्थित सभी को बधाई देते हुए बताया कि हम सभी योग के माध्यम से प्रकृति को अपने करीब अनुभव कर सकते हैं योग शरीर का हिस्सा है एवं हम सभी जिंदगी को अच्छे से जीने के लिए प्रतिदिन योग करते रहे और योग को ही जीवन जीने का लक्ष्य बनाएं।

कार्यक्रम में श्रीमती शीलम बाजपेई, श्रीमती रिंकी राव, गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा, अधिष्ठाता सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय डॉ. सुनील कुमार सिंह, अधिष्ठाता कृषि विज्ञान डॉ. विमल दुबे अधिष्ठाता, उप कुलसचिव श्री श्रीकांत, श्री अमित सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे एवं विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा विद्यार्थी योगाभ्यास में सम्मिलित हुए।







## प्रथम दिवस
# गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
# सिमुलेशन शिक्षक प्रशिक्षण





दिनांकः 22 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांचदिवसीय कार्यकम का आयोजन किया गया।

जिसमें दो दिन वर्चुअल मीटिंग की गई, प्रोन्टो इंटरनेशनल टीम के द्वारा फैसिलिटी बेस्ड, लो–कॉस्ट, हाइली रियलिस्टिक सिमुलेशन व आज मुख्यतः कम्युनिकेशन टेकनीक, सिमुलेशन टेकनीक, रूल्स ऑफ सिमुलेशन, केस साइनेरियो तथा रोल ऑफ फैसिलिटर पर चर्चा की गयी।

कार्यक्रम का संचालन प्रोंटो टीम डॉक्टर सीमा, मिस निधि तथा मिस दिव्या जी ने की। जिसमें 20 नर्सिंग शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

यह कार्यक्रम वाइस चांसलर डॉ. मेजर जनरल अतुल वाजपेई, कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव तथा प्रधानाचार्या डॉक्टर डी.एस. अजीथा के नेतृत्व में अयोजित किया गया।

# विशिष्ट व्याख्यान





दिनांकः 22 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में **'आइसोलेशन एंड एनलीसिस ऑफ फार्मास्युटिकल्स'** विषय पर **डॉ. चन्द्र शेखर जोशी** गुरुग्राम हरियाणा ने अतिथि व्याख्यान दिया।

डॉ. जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मनिकीकरण एवं बॉयो मार्कर के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी, तथा तगर और हरिद्रा के उत्पति स्थान का प्रभाव एवं सक्रिय तत्व के संबंध का ज्ञान दिया।

प्रस्तुतिकरण के दौरान शोध में उपयोग होने वाले विभिन्न आधुनिक उपकरण जैसे रोटेटरी एक्सट्रेक्ट एच.पी.एल.सी. और एच.पी.टी.एल.सी की उपयोगिता बताई। उन्होंने आयुर्वेदिक फार्माकोपिया की विशेष जानकारी दी।



इस कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस की छात्रा शगुन ने किया। इस अवसर पर डॉ. गोपीकृष्ण, डॉ. रश्मि पुष्पन, डॉ. विन्रम शर्मा, डॉ. पीयूष वर्षा, डॉ. प्रिया आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

द्वितीय दिवस

## गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

# सिमुलेशन शिक्षक प्रशिक्षण





महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांचदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे दो दिन वर्चुअल मीटिंग की गई और **दिनांक: 22 जून, 2023 से 24 जून, 2023** तक तीन दिवसीय इंपर्सनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत **दिनांक: 23 जून, 2023** को प्रोन्टो इंटरनेशनल टीम के द्वारा फैसिलिटी बेस्ड, लो–कॉस्ट, हाइली रियलिस्टिक सिमुलेशन तथा मुख्यतः कम्युनिकेशन टेकनीक, सिमुलेशन टेकनीक, रूल्स ऑफ सिमुलेशन, केस साइनेरियो ग्रुप एक्टिविटी तथा रोल ऑफ फैसिलिटर पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन प्रोन्टो टीम की डॉक्टर सीमा, मिस निधि तथा मिस दिव्या जी ने की।

इस कार्यक्रम में गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा बीआरडी मेडिकल कॉलेज की 20 नर्सिंग शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा जी के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

# शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला





दिनांक: 24 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में शैक्षिक स्तर को उत्कृष्ट बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला मे विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ने अपने विभाग की शैक्षिक गतिविधियों, शिक्षा व्यवस्था पर प्रस्तुतिकरण किया।सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की पठन–पाठन को उच्चस्तरीय बनाने के लिए वो क्या प्रयास कर रहें हैं साथ ही शिक्षक किस आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर रहे हैं और आगे भी स्तर को उच्च बनाने के लिए क्या प्रयास करेंगे इस पर प्रस्तुतिकरण दिया। हर विभाग के प्रस्तुतिकरण की विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी और कुलसचिव महोदय डॉ. प्रदीप राव ने अवलोकन किया और अपनी राय दी।

कार्यक्रम के अंत में कुलपति महोदय ने शिक्षकों के प्रयास की सराहना की और कहा की अपने आयुर्वेद कॉलेज को भारत के सर्वोच्च आयुर्वेद विद्यालय की सूची मे पहुँचने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन आपका सहयोग करेगा। सभी एक टीम की तरह कार्य कर अपनी उत्कृष्टता साबित करेंगे। कार्यक्रम में सभी विभाग के शिक्षक व आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने अपनी सहभागिता दी ।

## समापन
## गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
# सिमुलेशन शिक्षक प्रशिक्षण





महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो दिन वर्चुअल मीटिंग की गई और **दिनांक 22 जून, 2023 से 24 जून, 2023** तक तीन दिवसीय इंपर्सनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशाप में प्रोन्टो इंटरनेशनल टीम के द्वारा फैसिलिटी बेस्ड, लो-कॉस्ट, हाइली रियलिस्टिक सिमुलेशन तथा मुख्यतः कम्युनिकेशन टेकनीक, सिमुलेशन टेकनीक, रूल्स ऑफ सिमुलेशन, केस साइनेरियो, ग्रुप एक्टिविटी तथा रोल ऑफ फैसिलिटी पर चर्चा की गयी तथा महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई जी का उद्‌बोधन हुआ जिसमें उन्होंने सिमुलेशन लर्निंग पर चर्चा करते हुए बताया कि इस तकनीक के द्वारा हम नर्सिंग फील्ड में लर्निंग को बेहतर दिशा में ले जा सकते हैं एवं शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ा सकते है।

कार्यक्रम का संचालन प्रोंटो टीम, डॉ. सीमा, मिस निधि तथा मिस दिव्या जी ने की जिसमें गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा बीआरडी मेडिकल कॉलेज की 20 नर्सिंग शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा जी के नेतृत्व में हुआ।



# शैक्षणिक बैठक-आयुर्वेद कॉलेज



दिनांक 27 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद विभाग) में प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ के नेतृत्व में बीएएमएस सत्र–2021–2022 के शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी के लिए शैक्षणिक बैठक आहूत की गई।

इस बैठक में 2021–2022 सत्र के 24 जून, 23 से होने वाली प्रथम विश्वविद्यालय परीक्षा के पहले सभी विभागों की शैक्षणिक रिपोर्ट मांगी गयी। इस बैठक में डॉ. नवीन, डॉ. शान्ति भूषन, डॉ .सुमित, डॉ. दीपू, डॉ. प्रिया, डॉ. प्रज्ञा, श्री साध्वी नंदन आदि शिक्षक उपस्थित रहे

# शिक्षक-अधिगम : कार्यशाला





दिनांक : 27 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग मे **'टीचिंग लर्निंग प्रोसेस'** विषय पर चार दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिशन निरामया के अंतर्गत संचालित इस कार्यक्रम में मुख्यतः कोर्स प्लानिंग, टीचिंग एनवायरनमेंट, इफेक्टिव क्लासरूम, टीचिंग तथा क्लिनिकल स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा की गई तथा ग्रुप एक्टिविटी भी कराई गई।

यह कार्यक्रम डॉक्टर डी. एस. अजीथा प्राचार्या गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नेतृत्व मे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग कॉलेज की शिक्षक मिस सोसन दान, मिस रोजी, मिस सत्यभामा, मिस आराधना और मिस खुशबू तथा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मिस अनामिका जैसवाल और मिस आराधना यादव द्वारा संपन किया गया।

## शिक्षक-अधिगम : कार्यशाला



दिनांक : 28 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में **'टीचिंग लर्निंग प्रोसेस'** विषय पर आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला के **द्वितीय दिवस** पर मुख्यतः अलग–अलग टीचिंग मॉड्यूल एरोप्ले, क्लिनिक सिमुलेशन, ब्रेन स्टोरमिंग, यूज ऑफ ए.वी. एड्स, केस स्टडी, इन टीचिंग और क्लीनिकल स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा हुई। यह कार्यक्रम डॉ. डी.एस. अजीथा प्राचार्या गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नेतृत्व मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन मिस सोसन दन, मिस रोजी, मिस सत्यभामा, मिस आराधना और मिस खुशबू व प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मिस अनामिका जैसवाल व मिस आराधना यादव द्वारा सम्पन्न हुआ।

# एमओयू अनुबंध




**दिनांक : 29 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं बापू स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीपीगंज के मध्य शैक्षणिक गतिविधियों के आदान–प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाओं एवं संयुक्त रूप से विविध शैक्षणिक गतिविधियों जैसे शार्ट टर्म कोर्स, सेमिनार एवं व्याख्यान इत्यादि के लिए समझौता करार पर हस्ताक्षर हुआ।

इस समझौता करार से दोनों संस्थाओं के शैक्षणिक एवं शोध क्रियाकलाप को बढ़ावा मिलेगा, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नीतियों के क्रियान्वयन व उसके लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगा।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई जी की उपस्थिति में समझौता करार पर हस्ताक्षर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा बापू स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीपीगंज की ओर से हस्ताक्षर प्रधानाचार्य प्रो. मंजू मिश्रा द्वारा किया गया।

समझौता करार के समय विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव श्री श्रीकांत एवं समन्वयक, समझौता करार महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय डॉ. विमल कुमार दूबे उपस्थित रहें।

# विभागीय बैठक- सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय



**दिनांक : 29 जून, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में अधिष्ठाता प्रो. डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में विभागीय बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में प्रायोगिक व लिखित वार्षिक परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में नवीन सत्र के पाठ्यक्रम को NEP 2020 के आधार पर संशोधित करने तथा संशोधन को BOS की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया तथा विभाग द्वारा आयोजित होने वाली आगामी कांफ्रेंस संबंधित प्रक्रियाओं पर भी चर्चा की गयी।

अधिष्ठाता महोदय ने शिक्षकों को सुझाव दिया की वह विषय से संबंधित रिसर्च पेपर, प्रोजेक्ट इत्यादि प्रस्तुत करें और शिक्षको को अपने एनुअल प्रोफाइल इंडेक्स को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार, कांफ्रेंस आदि में हिस्सा लेने के लिए भी प्रेरित किया।

उन्होंने शिक्षकों को एक शॉर्ट टर्म प्रोग्राम तैयार कर उसे विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इस बैठक में विभाग के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# शिक्षक-अधिगम : कार्यशाला





दिनांक : 29 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में **'टीचिंग लर्निंग प्रोसेस'** विषय पर आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला के **तृतीय दिवस** पर सेशन का शुभारंभ ग्रुप डिस्कशन से हुआ जिसमें केस स्टडी, नॉलेज एंड स्किल असेसमेंट और हेल्थ केअर डिलीवरी स्किल्स के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही ग्रुप एक्टिविटी का भी आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा के नेतृत्व मं आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिस सोसन दान, मिस रोजी, मिस सत्यभामा, मिस आराधना व मिस खुशबू तथा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मिस अनामिका जैसवाल व मिस आराधना द्वारा सम्पन्न हुआ।

# बीएएमएसःतृतीय आवधिक परीक्षा

दिनांक : 29 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में क्रिया शरीर विभाग द्वारा 2022 बैच बीएएमएस के विद्यार्थियों कि तृतीय आवधिक परीक्षा सम्पन्न कराई गई, जिसमें विद्यार्थियों के आंकलन हेतु NCISM द्वारा निर्धारित विभिन्न परीक्षा विधि में सें स्पाटिंग करवाया गया। जिसमें क्रिया शरीर प्रयोगशाला के विभिन्न उपकरण एवं यंत्र जैसे माइक्रोस्कोप, स्टेथोस्कोप, हीमोसाईटोमिटर इत्यादि के उपयोग को निर्धारित समय सीमा में लिखने हेतु दिया गया। इस परीक्षा में कुल परीक्षार्थियो की संख्या 100 थी। परीक्षा में डॉ. पीयूष वर्षा, (एसोसिएट प्रोफेसर) डॉ. प्रिया एस.आर. नायर (असिस्टेंट प्रोफेसर)व अमित प्रजापति (लैब टेक्नीशियन) की सहभागिता रही।



# शिक्षक-अधिगम : कार्यशाला



दिनांक : 28 जून, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में **'टीचिंग लर्निंग प्रोसेस'** विषय पर आयोजित चार दिवसीय मिशन निरामया के अन्तर्गत इफेक्टिव टीचिंग लर्निंग प्रोसेस पर आयोजित ट्रेनिंग का समापन था जिसमें सेशन की शुरुआत डेमोंस्ट्रेशन से किया गया। जिसमें क्लिनिक प्रैक्टिस, प्रेजेंटेशन ऑफ क्लिनिकल टीचिंग मैथेड जैसे चेकलिस्ट मैथेड, आस्की मैथेड, सिमुलेशन और डेमोंड्रैशन के बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया और डेवलपिंग कंपेटेंसीय ट्रैकिंग सिस्टम व ग्रुप एक्टिविटी कराया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर डी.एस. अजीथा प्राचार्या गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नेतृत्व मे अयोजित हुआ।

# जून माह की प्रमुख बैठकें

| | |
|---|---|
| 2 जून 2023 | पूर्वाह्न 9:30 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की बैठक सम्पन्न हुई। |
| 2 जून 2023 | अपराह्न 4:30 बजे कुलसचिव महोदय की अध्यक्षता में मां पाटेशवरी सेवाश्रम के छात्रावास समूह की बैठक सम्पन्न हुई। |
| 3 जून 2023 | कुलसचिव महोदय की अध्यक्षता में मां पाटेशवरी सेवाश्रम की मेस व्यवस्था पर विचार–विमर्श हेतु बैठक सम्पन्न हुई । |
| 5 जून 2023 | माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 9:30 बजे बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम के बैठक कक्ष में कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय के पाठ्यक्रम पर कार्यशाला सम्पन्न हूई। इस कार्यशाला में डॉ. जी. एन. सिंह जी पूर्व औषधि महानियंत्रक भारत सरकार व डॉ. सुधांशु सिंह जी निदेशक अंतर्राष्ट्रीय चावल शोध संस्थान वाराणसी व उनकी संस्था के अन्य 10 वैज्ञानिक उपस्थित रहें। |
| 7 जून 2023 | पूर्वाह्न 11:00 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की बैठक सम्पन्न हुई। |
| 8 जून 2023 | अपराह्न 3:00 बजे बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की बैठक सम्पन्न हुई। |
| 9 जून 2023 | अपराह्न 4:00 बजे गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के कक्ष संख्या 21 में विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षक कार्य हेतु नियुक्ति किए गए शिक्षकगण केन्द्राध्यक्षों तथा समन्वयक प्रवेश समिति की बैठक सम्पन्न हुई। |
| 17 जून, 2023 | प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति एवं कुलसचिव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। |

# जून माह की प्रमुख बैठकें

| | |
|---|---|
| 19 जून, 2023 | प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने एवं प्रवेश हेतु काउंसलिंग की कार्यवाही प्रारम्भ किए जाने के विभिन्न बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया। |
| 19 जून, 2023 | छात्रावास अधीक्षिका की बैठक हुई जिसमें अधीक्षिका एवं सह–अधीक्षिका को स्वतन्त्र रुप से कार्य करने तथा कार्यालय को कुलसचिव के नियंत्रणाधीन संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 22 जून, 2023 | गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) के संकाय सदस्यों की बैठक हुई जिसमें शिक्षकों द्वारा अपने–अपने विभाग के लिए कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों पर विचार–विमर्श किया गया। एकेडेमिक आडिट कराये जाने तथा सभी शिक्षकों को शैक्षणिक विकास हेतु कार्य करने का सुझाव दिया गया। |
| 22 जून, 2023 | माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें प्रवेश प्रक्रिया एवं काउंसलिंग प्रकिया को सुव्यवस्थित किये जाने के सम्बन्ध में विचार–विमर्श किया गया। |
| 26 जून, 2023 | माननीय कुलसचिव की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पोर्टल के माध्यम से अवकाश आवेदन भेजने, अग्रसारित करने एवं स्वीकृत करने के विषय पर आई.टी. सेल की बैठक आयोजित की गई। |

# जून माह के आयोजन

| | |
|---|---|
| 14 जून 2023 | माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में मध्याह्न 12:30 बजे गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में योग कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुशांत कुमार श्रीवास्तव, आचार्य फार्मेसी आईआईटी बीएचयू वाराणसी उपस्थित रहें। |

# जुलाई माह के कार्यक्रम

## प्रवेश परीक्षा

| | |
|---|---|
| 01 से 05 जुलाई, 2023 | विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय/तृतीय मेरिट सूची के अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। |
| 09 जुलाई, 2023 | विश्वविद्यालय के महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय द्वारा सरदार पटेल डेंटल कालेज बनगांई गोरखपुर में वृहद् स्वास्थ्य शिविर प्रस्तावित है। |
| 18 जुलाई, 2023 | विश्वविद्यालय के महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय द्वारा में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम कराया जाना प्रस्तावित है। |

## विभागीय आयोजन

### कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय

| | |
|---|---|
| 03 से 08 जुलाई, 2023 | द्वितीय छमाही प्रायोगात्मक परीक्षा |
| 01 से 26 जुलाई, 2023 | वार्षिक परीक्षा |

### सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

| | |
|---|---|
| 03 से 08 जुलाई, 2023 | द्वितीय छमाही प्रायोगात्मक परीक्षा |
| 11 से 21 जुलाई, 2023 | वार्षिक परीक्षा |
| 15 से 31 जुलाई, 2023 | अध्ययन बोर्ड (बोर्ड ऑफ स्टडीज) बैठक, बोर्ड ऑफ फैकल्टी बैठक |

### गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

| | |
|---|---|
| 01 जुलाई, 2023 | चिकित्सक दिवस |
| 05 जुलाई, 2023 | पीए–9बी बीएएमएस सत्र 2021–22 |
| 17 जुलाई, 2023 | प्रथम सत्र टेस्ट बीएएमएस 2022–23 |
| 24 जुलाई, 2023 | प्रथम व्यावसायिक परीक्षा सत्र 2021–22 |

### गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

| | |
|---|---|
| 15 जुलाई, 2023 | प्रोंटो सिमुलेशन |
| 24 जुलाई, 2023 | बी.एससी. नर्सिंग वार्षिक परीक्षा |
| 28 जुलाई, 2023 | राष्ट्रीय हेपेटोइटिस दिवस |

## राष्ट्रीय सेवा योजना

| | |
|---|---|
| 01 से 07 जुलाई, 2023 | वन महोत्सव सप्ताह |
| 08 से 14 जुलाई, 2023 | अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह |
| 11 जुलाई, 2023 | विश्व जनसंख्या दिवस |

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री बेहद संवेदनशील : डॉ सुधांशु











- कृषि व पर्यावरण से सीएम योगी का विशेष लगाव : डॉ जीएन सिंह
- पर्यावरण सुरक्षा को धर्म रूप में अंगीकार करते हैं मुख्यमंत्री योगी : प्रो यूपी सिंह
- पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

गोरखपुर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को आज विश्व पर्यावरण दिवस तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस समारोह एकसाथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर योगी जी के दीर्घायु, यश-कीर्ति में अभिवृद्धि की कामना की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि आई आर आर आई (इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट), साउथ एशिया रीजनल सेंटर के निदेशक डॉ सुधांशु सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही है। जरूरत संवेदनशील आचरण की है जो पर्यावरण के अनुकूल हो। पर्यावरण संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संजीदगी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में यूपी पौधरोपण के साल दर साल कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए ही उनका जोर जैविक खेती को बढ़ावा देने पर होता है। डॉ सुधांशु न सभी लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ जीएन सिंह ने कहा कि यह यूपी का सौभाग्य है कि यहां के लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा नेतृत्वकर्ता मिला है। वह न केवल आधुनिकतम विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं बल्कि राज्य को प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए भी अनेक कार्ययोजना बनाकर काम कर रहे हैं। कृषि और पर्यावरण से उनका विशेष लगाव है। पर्यावरण उनके लिए परमात्मा जितना ही प्रिय है। पर्यावरण संरक्षण को भी वह जनहित के लिए अति महत्वपूर्ण कार्य मानते हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के पूर्व कुलपति प्रो यूपी सिंह ने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति में पर्यावरण सुरक्षा को धर्म माना गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण सुरक्षा को इसी रूप में अंगीकार करते हैं। यह भी दिव्य संयोग है कि जिस दिन मुख्यमंत्री योगी जी का जन्मदिवस होता है, उसी दिन पूरा विश्व पर्यावरण संरक्षण पर विशेष मंथन करता है। मुख्यमंत्री जी के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष दिन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि प्रकृति की सुरक्षा का चिंतन और उसके अनुरूप आचरण उनकी दिनचर्या का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी इस विश्वविद्यालय के सर्जक भी हैं। उनके दिशानिर्देश पर यहां के प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा जाता है। विद्यार्थियों को विषय की शिक्षा के साथ यह व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाता है कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। समारोह में अतिथियों का स्वागत गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा ने किया। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव समेत सभी शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# क्लास रूम को रोचक व ज्ञानवर्धक बनाएं शिक्षक : डा. वाजपेयी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के तहत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीच्यूट आफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कालेज) में शैक्षणिक कार्ययोजना विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल कुमार वाजपेयी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षण कौशल को बढ़ाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा छात्रों को प्रेरित करने और विषय में उनकी रूची पैदा करने के लिए समूह परिचर्चा और सेमीनार आदि का आयोजन कराना चाहिए। डा. वाजपेयी ने कहा कि हम सबको क्लास रूम को रोचक, ज्ञानवर्धक तथा छात्रों के लिए हर तरह से उपयोगी बनाना चाहिए। एनसीआईएसएम ने जो मापदण्ड तय किया है उसके अनुरूप ही शिक्षण व्यवस्था को संचालित करें।

**गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीच्यूट आफ मेडिकल साइंसेस में शैक्षणिक कार्यशाला का हुआ आयोजन**



महायोगी गारखनाथ विवि. में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला संबोधित करते कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल कुमार वाजपेयी।

कार्यशाला में संहिता एवं सिद्धांत विभाग के विभागाध्यक्ष डा. शांतिभूषण हन्दूर ने अपने विभाग का प्रस्तुतिकरण किया। प्रस्तुतिकरण में डा. भूषण ने संहिता सिद्धांत एवं संस्कृत विषय की शैक्षणिक योजना, विभाग के विभिन्न गतिविधियों तथा संसाधनों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि संहिता विभाग आयुर्वेद की नींव है।

आगामी वर्ष की कार्ययोजना के अंतर्गत उन्होंने आयुर्वेद कालेज के शिक्षकों एवं छात्रों को संस्कृत संभाषण हेतु तैयार करना, एक उच्च स्तरीय आयुर्वेद से सम्बन्धित म्यूजियम बनाना, छात्रों को शोध एवं पब्लीकेशन हेतु प्रेरित करना आदि विषयों पर कार्य करने की योजना का प्रस्तुतिकरण किया। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि सभी शिक्षकों को अपने विभाग को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए जिस अवसंरचना की आवश्यकता है, उसकी योजना तैयार करें। साथ ही पाठक्रम योजना को विधिवत तरीके से बनाये एवं उसका पालन करें। नित्य पठन-पाठन के नवाचार उपाय खोजें एवं उच्च स्तरीय तकनिकी का शिक्षा में उपयोग करें। कार्यक्रम में आयुर्वेद कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य डा. नवीन के, डा. विनम्र शर्मा, डा. गोपीष्णन, डा. रमीपुष्पन समेत सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# सिमुलेशन तकनीक से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद : डॉ वाजपेयी

⇨ गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांच दिवसीय मीटिंग-वर्कशॉप का आयोजन





**(रवि प्रकाश गुप्ता)**

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांच दिवसीय वर्चुअल मीटिंग-इंपर्सनल वर्कशॉप का समापन शनिवार को हुआ। वर्कशाप में पोन्टो इंटरनेशनल टीम के द्वारा फैसिलिटी बेस्ड, लो कॉस्ट, हाइली रियलिस्टिक सिमुलेशन तथा कम्युनिकेशन टेक्निक, सिमुलेशन टेकनीक, रूल्स ऑफ सिमुलेशन, केस सिनेरियो, ग्रुप एक्टिविटी तथा रोल ऑफ फैसिलिटर पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी ने कहा कि सिमुलेशन तकनीक से हम नर्सिंग फील्ड में लर्निंग को बेहतर दिशा में ले जा सकते हैं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी बहुत मदद मिलेगी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव के मार्गदर्शन तथा नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा, मिस निधि तथा मिस दिव्या ने किया। इसमें गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा बीआरडी मेडिकल कॉलेज की 20 नर्सिंग शिक्षको ने प्रतिभाग किया।

# शैक्षिक भ्रमण कर विद्यार्थियों ने ली अनुसंधान की जानकारी

**☐सीडीआरआई, एनबीआरआई व सीमैप पहुंचे महायोगी गोरखनाथ विवि के छात्र**

स्वतंत्र चेतना

नगर संवाददाता /गोरखपुर। महायोगी योगी विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम, गोरखपुर के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने 5 एवं 6 जून तक लखनऊ में शैक्षिक भ्रमण कर विभिन्न वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों में विविध क्षेत्र में चल रहे शोध व नवाचार आदि की जानकारी ली।

संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के अधिष्ठाता प्रो. डॉ सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में शैक्षिक भ्रमण के प्रथम दिन छात्र केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) पहुंचे। यहां वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीव यादव ने भारत के औषधि क्षेत्र में सीडीआरआई के योगदान एवं परीक्षण हेतु प्रयोग होने वाले विभिन्न पशुओं को भी दिखाया। शोध में बढ़ते बायोइनफॉर्मेटिक्स के महत्व पर प्रमुख वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुतिकरण देकर छात्रों के संशय का समाधान किया गया।

इसके बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय वनस्पति एवं अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) का भ्रमण किया जहां वैज्ञानिक डॉ. मृदुल शुक्ला ने संस्थान द्वारा किए जा रहे उच्च कोटि के अनेक प्रकार की शोध विधियों के विषय मे महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी क्रम में डॉ. संजीवा नायका ने हरबेरियम द्वारा पादप प्रतिरूपों को परिरक्षित करने की विधि बताई और छात्रों को पौधों को लंबे समय तक संग्रहण एवं संरक्षण के व विषय में भी जानकारी दी। द्वितीय दिन छात्रों ने केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) का भ्रमण किया। यहां के वैज्ञानिक डॉ. रक्षपाल सिंह ने संस्थान में स्थित केंद्रीय उपकरण सुविधा में मौजूद डीएनए सिक्वेंसर, आरटीपीसीआर, नैनो ड्राप, अल्ट्रा सेंट्रीफ्यूज, सिस्टम्स के बारे में छात्रों को परिचित कराया। वैज्ञानिकों ने संस्थान में लगे हुए सभी औषधीय एवं सगंध पौधों से छात्रों को रूबरू कराया। बायोटेक पार्क भ्रमण में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. उमा शंकर ने संस्थान में संचालित विभिन्न बायोटेक कंपनियों एवं उनके उत्पादो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को भविष्य में स्वयं कैसे नवाचार के साथ नए उद्योगों की स्थापना की जाए, इसके बारे में भी प्रेरित किया। इस भ्रमण ने छात्रों को विभिन्न शोध संस्थानों को जानने तथा उनमें संचालित होने वाले विभिन्न भविष्योपयोगी कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया भ्रमण के दौरान विभाग के सहायक आचार्य डॉ पवन कुमार कनौजिया, डा अमित कुमार दूबे, धनंजय पांडेय, प्रभा शर्मा, अपूर्वा आनंद सिंह, एवं अनिल मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।



## Workshop on teaching learning process organized

GORAKHPUR: A training workshop on Effective Teaching Learning Process was organized at Guru Shri Gorakshnath College of Nursing on Tuesday regarding Mission Niramaya. Organized under the leadership of Principal Dr. DS Ajitha, the main topics of the workshop were discussed on course planning, teaching environment, effective classroom teaching and clinical skill development. A group activity program was also organized on this occasion. Sosan Dan, Rosie, Satyabhama, Aradhana, Khushboo, Anamika Jaiswal, Aradhana Yadav etc participated in the workshop.

# शैक्षिक गतिविधियों व कार्ययोजना पर दिया प्रस्तुतिकरण

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में कार्यशाला का आयोजन

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) मे शैक्षिक स्तर को उत्कृष्ट बनाने के लिए शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला मे विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ने अपने विभाग की शैक्षिक गतिविधियों, शिक्षा व्यवस्था व भावी कार्ययोजना पर प्रस्तुतिकरण दिया। हर विभाग के प्रस्तुतिकरण का विश्विद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने अवलोकन किया और अपने सुझाव दिए। प्रस्तुतिकरण के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों के पठन-पाठन को उच्चस्तरीय बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों व अपनाई जाने वाली तकनीक की जानकारी दी। आगे और क्या कार्य किए जाएंगे, इसकी कार्ययोजना भी साझा की।



कार्यशाला के अंत में कुलपति डॉ वाजपेयी ने शिक्षकों के प्रयास की सराहना की और कहा कि इस आयुर्वेद कॉलेज को भारत के सर्वोच्च आयुर्वेद विद्यालय की सूची मे पहुंचाने के लिए विश्विद्यालय प्रशासन हर कदम सहयोग करेगा। सभी एक टीम की तरह कार्य कर अपनी उत्कृष्टता साबित करेंगे। कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस, सभी विभाग के शिक्षकों की सहभागिता रही।

# सिमुलेशन तकनीक से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद: डॉ वाजपेयी



सत्य संगम संवाददाता

**गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांच दिवसीय मीटिंग-वर्कशॉप का आयोजन**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांच दिवसीय वर्चुअल मीटिंग-इंपर्सनल वर्कशॉप का समापन शनिवार को हुआ। वर्कशाप में पोन्टो इंटरनेशनल टीम के द्वारा फैसिलिटी बेस्ड, लो कॉस्ट, हाइली रियलिस्टिक सिमुलेशन तथा कम्युनिकेशन टेक्निक, कि सिमुलेशन तकनीक से हम नर्सिंग फील्ड में लर्निंग को बेहतर दिशा में ले जा सकते हैं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी बहुत मदद मिलेगी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव के मार्गदर्शन तथा नर्सिंग कॉलेज

# महायोगी गोरखनाथ विवि में सामूहिक योगाभ्यास के साथ मनाया गया योग दिवस





**(रवि प्रकाश गुप्ता)**

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सामूहिक योगाभ्यास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल कुमार वाजपेयी ने मां सरस्वती का पूजन कर किया। तत्पश्चात गुरु गोरखनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस एवं अश्वनी कुमार ने सभी को विभिन्न प्रकार के योग आसान, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, पादआसन आदि का अभ्यास कराया। इस अवसर पर डॉ मंजूनाथ ने कहा कि योग, आहार, आचार-विचार के माध्यम से हम सभी अपने जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मोह पर काबू पा सकते हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल कुमार वाजपेयी ने सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी योग के माध्यम से प्रकृति को अपने करीब अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने सबसे अपील की कि स्वस्थ तन-मन प्राप्त करने के लिए योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें। इस अवसर पर कार्यक्रम में श्रीमती शीलम वाजपेयी, श्रीमती रिंकी राव, गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज आफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा, अधिष्ठाता सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय डॉ सुनील कुमार सिंह, अधिष्ठाता कृषि विज्ञान डॉ. विमल दूबे, उप कुलसचिव श्रीकांत, अमित सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार दूबे एवं विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी योगाभ्यास में सम्मिलित हुए।

# पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के ५१ में जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य कैम्प का हुआ आयोजन

**गोरखपुर ( माधव भूमि )।** पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के ५१ में जन्मदिन के अवसर पर गुरु गोरक्षनाथ आयुर्विज्ञान संस्थान ने एक विशाल स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया कैंप का उद्घाटन आई आर आर आई के डायरेक्टर डॉ सुधांशु सिंह ने गुरु गोरक्षनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया इस अवसर पर भारत के पूर्व ड्रग कंट्रोलर आफ इंडिया व मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री जे एन सिंह गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल अतुल बाजपेई कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव चिकित्सालय के डॉक्टरों में डॉक्टर आरके मल्ल डॉक्टर ओपी सिंह डॉक्टर राजेश पांडे डॉक्टर राकेश सिंह डॉ कृष्ण कुमार चौबे डॉ योगिता भाटिया डॉक्टर सरिता जयसवाल डॉक्टर आदित्य विक्रम सिंह डॉक्टर राजीव शायरी डॉ शैलेश उपस्थित थे उद्घाटन के अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने कहा सर्वप्रथम आज हम सब पूज्य आदित्यनाथ जी महाराज के ५१ में जन्मदिन की बधाई देते हैं और उनके दीर्घायु की कामना करते हैं फिर उन्होंने आए हुए मरीजों का हालचाल पूछता और चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली स्वास्थ्य कैंप में कुल ७८५ मरीजों का परीक्षण किया गया और आवश्यक जांच तथा दवाइयां वितरित की गई अंत में अंत में चिकित्सालय के प्रबंधक गिरिजेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।




# पर्यावरण संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री बेहद संवेदनशील

- गुरु श्रीगोरक्षनाथ कालेज आफ नर्सिंग में विश्व पर्यावरण दिवस और मुख्यमंत्री की जन्मतिथि पर हुआ कार्यक्रम
- विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर मुख्यमंत्री की दीर्घायु की कामना की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के गुरु श्रीगोरक्षनाथ कालेज आफ नर्सिंग में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जन्मतिथि एक साथ मनाई गई। अतिथियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर मुख्यमंत्री की दीर्घायु की कामना की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डा. सुधांशु सिंह व प्रो. यूपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण को लेकर मुख्यमंत्री बेहद संवेदनशील व गंभीर हैं। इस मौके पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल वाजपेयी, गुरु श्रीगोरक्षनाथ कालेज आफ नर्सिंग की प्राचार्य डा. डीएस अजीथा, कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया पर्यावरण अनुकूल व्यवहार का संकल्प:** सीएमओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का सीधा संबंध पर्यावरण अनुकूल आचरण से है। 'मिशन लाइफ' को अपनाया जाए तो संक्रामक और गैर संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने पौधारोपण किया और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पर्यावरण अनुकूल आचरण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेंद्र ठाकुर, एसीएमओ डा. एके चौधरी उपस्थित थे।

## गोरखनाथ विश्वविद्यालय में पौधारोपण कर ली पर्यावरण को बचाने की शपथ

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण व लाइफ प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल वाजपेयी, इंटरनेशनल राइस रिसर्च सेंटर के रीजनल डायरेक्टर डा. सुधांशु सिंह, भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डा. जीएन सिंह, कृषि वैज्ञानिक डा. वैदूर्य प्रताप शाही, कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव ने पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान विषय पर प्रो. गोविंद पांडेय का विशेष व्याख्यान हुआ। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे और उसकी रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



पौधारोपण करते कुलपति मेजर जनरल अतुल वाजपेयी व अन्य ● जागरण

आयुर्वेद कालेज में किया गया पौधारोपण: गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कालेज) में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डा. नवीन के. ने विश्व पर्यावरण दिवस के इतिहास व इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. विनम्र शर्मा, डा. गोपीकृष्णन उपस्थित थे।

**एम्स परिसर में रोपे गए 200 पौधे:** एम्स में 200 पौधे रोपे गए। कार्यकारी निदेशक डा. सुरेखा किशोर ने डाक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों को कपड़े का बैग वितरित किया। उन्होंने कहा कि वन विभाग की तरफ से एम्स को हर्बल पौधे दिए गए हैं। इन पौधों का उपयोग आयुष विभाग अपने हर्बल गार्डन में करेगा। इस अवसर पर डा. हरिशंकर जोशी, अरुण कुमार सिंह, डा. प्रदीप अग्रवाल, डा. अनिल कोपरकर उपस्थित थे। इसी क्रम में बीआरडी मेडिकल कालेज में प्राचार्य डा. गणेश कुमार व डा. पीएन सिंह ने पौधारोपण किया। समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांग जन सशक्तीकरण केंद्र में प्रभारी अधिकारी सुनील सिरपुरकर ने पौधारोपण किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के भवन परिसर में अध्यक्ष डा. राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी डा. इमरान अख्तर ने पौधारोपण किया।

# 2673 ने दी बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा



बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी। संवाद

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के तहत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष, सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 का आयोजन रविवार को हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में दोनों पाली की परीक्षाओं में 2673 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस परीक्षा के लिए 25 अप्रैल से 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। परीक्षा का आयोजन कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव अगुवाई में किया गया। संवाद

# 2673 अभ्यर्थियों ने दी बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा

**गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए दो केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा**



सत्य संगम संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 का आयोजन रविवार को दोनों पालियों में सफलतापूर्वक हुआ। विश्वविद्यालय में बने दो परीक्षा केंद्रों यथा गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) पर दोनों पाली की परीक्षाओं में 2673 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस प्रवेश परीक्षा में पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित पडोसी राज्य बिहार के परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इस परीक्षा हेतु 25 अप्रैल से 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। परीक्षा का आयोजन कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी तथा कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव के नेतृत्व में प्रवेश समिति द्वारा कराया गया।



गोरखनाथ विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा देते छात्र।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में प्रवेश परीक्षा आयोजित

**बीएससी**

गोरखपुर, निज संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश चल रहा है। रविवार को बीएससी बायोटेक्नोलाजी, मेडिकल बायोकेमेस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं कृषि विज्ञान संकाय के पाठ्यक्रम बीएससी कृषि विज्ञान की प्रवेश परीक्षा हुई। विश्वविद्यालय की तरफ से सत्र 2023-24 के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में बने परीक्षा केंद्र पर किया गया। परीक्षा में पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य बिहार के परीक्षार्थी भी सम्मिलित हुए। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र 25 अप्रैल से 31 मई तक आमंत्रित किये गए थे। इन परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा कराया गया।

# छह कोर्स के लिए 2898 ने दी परीक्षा

**गोरखनाथ विवि**

- एएनएम, जीएनएम व पैरामेडिकल की प्रवेश परीक्षा संपन्न
- दोनों पालियों में हुई परीक्षा बिहार से भी अभ्यर्थी परीक्षा में हुए शामिल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित एएनएम व जीएनएम के साथ ही पैरामेडिकल के छह पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा मंगलवार को आयोजित की गई।

इसमें गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के एएनएम व जीएनएम तथा महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्ट्रीमेट्री, डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर, डिप्लोमा इन आर्थोपिडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन एनेस्थिसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन के सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा मंगलवार को दो पालियों में हुई।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो परीक्षा केंद्रों गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कालेज) पर सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों में कुल 2898 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। एएनएम, जीएनएम तथा पैरामेडिकल के छह पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा पड़ोसी राज्य बिहार के भी परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन पत्र 25 अप्रैल से 31 मई तक आमंत्रित किए गए थे। इन परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा कराया गया।

# Role play teaching module training given

## Second day of Teaching Learning Process Workshop at College of Nursing

*JEEVEN EXPRESS BUREAU*

GORAKHPUR: Training on role play teaching module was given on the second day of the five-day Teaching Learning Process workshop organized under Mission Niramaya at Guru Shri Gorakshanath College of Nursing, operated under Mahayogi Gorakhnath University, Gorakhpur. In the workshop organized under the leadership of Principal Dr DS Ajitha, the participants were told that role play model is an effective teaching module. It strengthens the sense of responsibility. On the second day of the workshop special discussions were held on Clinical Simulation, Brain Storming, Use of AV Aids, Case Study in Teaching and Clinical Skill Development in Effective Teaching Learning Process. Sosan Dan, Rosie, Satyabhama, Aradhana, Khushbu, Program Coordinator Anamika Jaiswal, Aradhana Yadav etc participated in the workshop.

# दोनों पालियों में कुल 2898 परीक्षार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**गोरखपुर (स्पष्ट आवाज)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के दो पाठ्यक्रमों एएनएम एवं जीएनएम तथा महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के छह पाठ्यक्रमों डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्ट्रीमेट्री, डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर, डिप्लोमा इन आर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन एनेसथिसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन के सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु परीक्षा मंगलवार को दो पालियों में हुई।
विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गयी संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो परीक्षा केंद्रों गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कालेज) पर सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों में कुल 2898 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। एएनएम, जीएनएम तथा पैरामेडिकल के छह पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य बिहार के भी परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन पत्र 25 अप्रैल से 31 मई तक आमंत्रित किए गए थे। इन परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल वाजपेयी एवं कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा कराया गया।

# निर्माणाधीन परिसर









# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर















mguniversitygkp@mgug.ac.in
https://www.mgug.ac.in/
+91-9415266014, +91-9935904499, +91-9794299451
Arogya Dham, Balapar Road, Sonbarsa, Gorakhpur